लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3807
11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

वारंगल में 'पीएम मित्र मेगा' वस्त्र पार्क के कार्यान्वयन की स्थिति

3807. डॉ. कडियम काव्य:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वारंगल जिले में 'पीएम मित्र' मेगा वस्त्र पार्क के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है तथा इस कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण में हुई प्रगति, ट्रंक अवसंरचना का विकास, प्राप्त निवेश प्रतिबद्धताएं और चालू होने की संभावित समय-सीमा क्या है; और

(ख) उक्त परियोजना के माध्यम से सृजित होने वाले अनुमानित रोजगार का ब्यौरा क्या है और स्थानीय युवाओं, अनुसूचित जातियों, महिलाओं और स्थानीय आबादी के अन्य वर्गों के लिए क्या अवसर उपलब्ध हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

क) और (ख): सरकार ने वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला हेतु एकीकृत बड़े पैमाने की और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 तक की अवधि के लिए ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को 4,445 करोड़ रुपये की योजना परिव्यय के साथ मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्कों की स्थापना के लिए तेलंगाना के वारंगल सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दे दिया है।

इस साइट को ब्राउनफील्ड श्रेणी के तहत चुना गया था। मुख्य अवसंरचना के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए पहले ही व्यय किए जा चुके हैं। इस पार्क का औपचारिक उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 10.05.2026 को किया गया था। वर्तमान में, यह पार्क निवेशकों को पहले से ही आवंटित लगभग 548 एकड़ भूमि में कार्यशील है और वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो चुका है। पूरा होने के बाद, इस परियोजना से 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की आशा है। केवल मौजूदा प्रतिबद्धताओं से, 24,400 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होने की आशा है। अपैरल इकाइयों में कार्यशील कार्यबल में महिलाएं काफी बहुलता में हैं। संरचित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और स्थानीय वरीयता नीतियां समावेशी क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देकर अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) सहित युवाओं और कमजोर वर्गों के लिए लाभकारी रोजगार सुनिश्चित करती हैं।

***